# मध्यप्रदेश में बच्चों की ड्रॉप-आउट दर शून्य

प्रशासनिक संवाददाता


**भोपाल, 28 जनवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि युग बदले, सदियां बदलीं पर शिक्षकों का सम्मान कभी कम नहीं हुआ. शिक्षक उस दीपक के समान होते हैं, जो खुद जलकर दूसरों के जीवन को आलोकित करते हैं.**

शिक्षकगण सदैव सम्मानित थे, हैं और आगे भी रहेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि इनके सद्प्रयासों से ही प्रदेश के शासकीय स्कूलों का परीक्षा परिणाम ऐतिहासिक रूप से बेहतर से और बेहतर हुए हैं.

## 200 नए सांदीपनि विद्यालय खोले जाएंगे

बच्चों के प्रवेश, शाला नामांकन दर में भी रिकार्ड वृद्धि हुई है. साथ ही प्रदेश में बच्चों की ड्राप-आउट दर भी शून्य हो गई है. इसमें शिक्षकों का योगदान अतुलनीय है, वंदनीय है.

डॉ. यादव बुधवार को शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय के प्रांगण में मप्र शिक्षक संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने प्रदेश स्तरीय शैक्षिक गुणवत्ता शिक्षक सम्मेलन में कहा कि हमारे सांदीपनि



विद्यालय और पीएमश्री विद्यालय शिक्षा की गुणवत्ता के नए-नए मानक स्थापित कर रहे हैं. सांदीपनि विद्यालयों की सफलता से हम सब अभिभूत हैं. इसलिए प्रदेश में इसी सत्र से 200 नए सांदीपनि विद्यालय खोले जाएंगे.

डॉ. यादव ने कहा कि नई शिक्षा नीति-2020 को लागू करने में मध्यप्रदेश देश के पहले राज्यों में हैं. हम अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए एआई., कोडिंग और कौशल आधारित शिक्षा की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं.

स्कूलों में सभी जरूरी सुविधाओं के लिए हमने एकमुश्त राशि आवंटित की है. पिछली कैबिनेट मीटिंग में ही प्रदेश को 200 नये सांदीपनि विद्यालयों की सौगात मिली है. देश में नई शिक्षा नीति लागू की गई है। राज्य सरकार इस नीति के पालन के लिए व्यवस्थाओं में कोई कसर नहीं रख रही है.

### शिक्षकों का सम्मान कर लिया आशीर्वाद

डॉ. यादव ने सेवानिवृत्त व्याख्याता श्रीमती कोकिला सेन, बद्री प्रसाद तिवारी, बृजमोहन आचार्य, देवकृष्ण व्यास, किशनलाल नाकड़ा को सम्मानित किया. श्रीमती सेन ने उज्जैन में डॉ. यादव को भौतिक शास्त्र की शिक्षा दी थी. मुख्यमंत्री ने अपनी गुरु का सम्मान कर उनके चरण छूकर उनका आशीर्वाद लिया. इसी तरह बद्री प्रसाद तिवारी ने नरसिंहपुर में स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह को स्कूल में पढ़ाया था. डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की विकास यात्रा पर केन्द्रित प्रदर्शनी का शुभारंभ कर अवलोकन किया. उन्होंने संघ के वार्षिक कैलेंडर, हमारा विद्यालय-हमारा तीर्थ, नामक पुस्तिका, टेबल कैलेंडर एवं डायरी का भी विमोचन किया.

### गुरुजनों के सम्मान में कोई कसर नहीं छोड़ी

डॉ. यादव ने कहा कि नई शिक्षा नीति को सफलतापूर्वक लागू करने में मप्र देश के पांच राज्यों में से एक है. प्रदेश में भव्य सांदीपनि विद्यालय बन रहे हैं. हमारी सरकार ने शिक्षकों को महंगाई भत्ते का भी लाभ दिया है. करीब डेढ़ लाख शिक्षक इससे लाभान्वित हुए हैं.



# 20 से अधिक जिलों में बारिश और ओलावृष्टि

## 14 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

**भोपाल,28 जनवरी. मध्य प्रदेश में साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन के असर से मौसम अचानक रौद्र हो गया है. मंगलवार को प्रदेश के 20 से अधिक जिलों में बारिश दर्ज की गई, जबकि गुना, उज्जैन, आगर-मालवा और शाजापुर में ओलावृष्टि भी हुई. इससे किसानों को खासा नुकसान हुआ है.**

मौसम के अचानक बिगड़ने से जनजीवन प्रभावित हुआ और ठंड के बीच बारिश-ओलों ने तापमान भी घटा दिया है. मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले 24 घंटों में इंदौर और जबलपुर संभाग के जिलों में कहीं-कहीं, नर्मदापुरम, उज्जैन, रीवा संभागों के जिलों में कुछ स्थानों पर, जबकि भोपाल, ग्वालियर, चंबल और सागर संभागों में अधिकांश स्थानों पर बारिश दर्ज की गई. शेष संभागों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहा.

तापमान की बात करें तो पिछले 24 घंटों में रीवा, शहडोल और सागर संभागों में अधिकतम तापमान में 2.4°C से 3.8°C तक बढ़ोतरी हुई, जबकि ग्वालियर संभाग में तापमान सामान्य से 3.4°C तक कम रहा.

चंबल संभाग में 2.4°C तक गिरावट दर्ज की गई. नर्मदापुरम, रीवा, जबलपुर, सागर में तापमान सामान्य से 2.0°C से 2.2°C अधिक रहा, वहीं शहडोल में 3.9°C अधिक तापमान रिकॉर्ड हुआ. न्यूनतम तापमान में उज्जैन संभाग के जिलों में 3.6°C तक गिरावट आई, जबकि ग्वालियर, चंबल, रीवा, शहडोल और सागर में 2.6°C से 3.4°C तक वृद्धि दर्ज की गई. इसके साथ ही भोपाल, जबलपुर संभागों में न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.9°C से 3.1°C रहा.


## एक नजर में

### आईटीआई के लिए राज्य स्तरीय वर्कशॉप आज

**भोपाल.** मप्र राज्य कौशल विकास एवं रोजगार सृजन बोर्ड तथा तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा आईटीआई संस्थानों के लिए एफिलिएशन नॉर्म्स 2025 पर राज्य स्तरीय जागरूकता वर्कशॉप का आयोजन 29 जनवरी को होगा. इस वर्कशॉप में मप्र और छत्तीसगढ़ के शासकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल होंगे. वर्कशॉप राजधानी स्थित संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क में होगा. वर्कशॉप में आईटीआई संस्थानों को एफिलिएशन नॉर्म्स 2025 के प्रावधानों, प्रक्रिया और आवश्यक मानकों की जानकारी दी जाएगी.

### अजीत पवार के निधन पर नरेंद्र सिंह ने जताया शोक

**ग्वालियर.** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के निधन पर मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा, महाराष्ट्र के बहुत ही वरिष्ठ और अनुभवी नेता थे. वे महाराष्ट्र सरकार में उपमुख्यमंत्री के तौर पर काम कर रहे थे. जो भी दुर्घटना हुई है वह हृदयविदारक है. मैं उनकी दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित करता हूं और उनके परिजनों पर जो दुख का पहाड़ टूटा है, ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उन्हें शक्ति दे.



# भागीरथपुरा मामले में 30वीं मौत

**इंदौर, 28 जनवरी. भागीरथपुरा क्षेत्र में उल्टी-दस्त जैसी बीमारी के बाद मौतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. शुक्रवार शाम पहलवान खूबचंद की मौत के बाद देर रात एक बुजुर्ग महिला की भी मौत हो गई.**

महिला को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां डॉक्टरों ने फेफड़ों और किडनी में संक्रमण बताया. भागीरथपुरा जैन दूध के पास स्थित गली में रहने वाली 65 वर्षीय लक्ष्मीदेवी रजक बीते एक सप्ताह से अस्वस्थ थीं. उन्हें स्कीम नंबर-114 स्थित सीएचएल अस्पताल में भर्ती कराया था. शुक्रवार देर रात अचानक तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. परिजनों का कहना है कि दूषित पानी पीने के बाद लक्ष्मीदेवी को उल्टी दस्त की



शिकायत हुई थी, जिसके बाद उनकी हालत लगातार बिगड़ती चली गई. हालांकि फिलहाल इस मौत को दूषित पानी से जोड़ने को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है. परिजन अंतिम संस्कार की तैयारी में जुटे हैं. इधर सोशल मीडिया और मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक भागीरथपुरा क्षेत्र में अब तक 29 लोगों की मौत होने की बात सामने आ रही है. लक्ष्मीदेवी की मौत के बाद इसे दूषित पानी से जुड़ी 30वीं मौत के रूप में देखा जा रहा है, हालांकि प्रशासनिक स्तर पर इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है, मामले को लेकर जांच जारी है.

# वैकल्पिक भंडारण से बढ़ेगी आय : सिंह

## गोदाम संचालकों की कार्यशाला में मंत्री राजपूत रहे मौजूद

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 28 जनवरी. वर्तमान परिस्थितियों में अनेक वेयरहाउस अपनी पूर्ण क्षमता का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं, जिससे गोदाम संचालकों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है.**

अब वेयरहाउस का उपयोग केवल अनाज भंडारण तक सीमित न रहकर, उन्हें बहुआयामी व्यावसायिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में विकसित किया जाना चाहिए. वैकल्पिक भंडारण से गोदाम संचालकों की आय बढ़ेगी. कार्यशाला औपचारिक नहीं, परिणाममूलक होना चाहिए.



राजपूत ने बताया कि आज के प्रतिस्पर्धी व्यावसायिक वातावरण में सप्लाई-चेन मैनेजमेंट और ऑपरेशन मैनेजमेंट की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है. इस बात को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा यह कार्यशाला आयोजित की गई है, जिससे निजी निवेश से बने गोदामों में सरकारी अनाज भंडारण के साथ-साथ अन्य वैकल्पिक माध्यमों से भी आय अर्जन के अवसर विकसित किए जा सकें. मंत्री ने कहा कि शासन की नीतियों, नियमों एवं उपलब्ध योजनाओं की स्पष्ट जानकारी देकर गोदाम संचालकों को नीतिगत समर्थन प्रदान किया जा रहा है, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ निवेश एवं व्यावसायिक निर्णय ले सकें.

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने प्रदेश में वेयरहाउस की उपलब्ध क्षमता का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने एवं गोदाम संचालकों को आय के वैकल्पिक स्त्रोत उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वेयर हाउस की आय वृद्धि के अन्य व्यावसायिक उपयोग विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में कही.

# गलती से चली बंदूक, पांच गंभीर घायल

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 28 जनवरी. राउ थाना क्षेत्र के नयापुरा इलाके में सोमवार शाम एक शादी समारोह के बाद अचानक गोली चलने की घटना सामने आई. घटना में कम से कम पाँच लोग घायल हुए हैं, जिन्हें तुरंत नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया है.**

मामले की जांच पुलिस कर रही है और प्रारंभिक रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक स्तर तक भेज दी गई है. पुलिस के मुताबिक यह घटना शादी से लौटते समय हुई. विहीप नेता नंदकिशोर जाट की बेटी के माता पूजन कार्यक्रम का आयोजन था और सभी लोग सीतलामाता मंदिर से कार्यक्रम स्थल की ओर लौट रहे थे. कार्यक्रम में हर्ष फायरिंग करने के लिए नंदकिशोर ने अपनी 12 बोर की लाइसेंसी बंदूक मंगवाई थी. वहीं पुलिस को यह जानकारी मिली है कि जब बंदूक देते समय एक 12 वर्षीय नाबालिग के हाथ से गलती से ट्रिगर दब गया, जिससे गोली चल गई और उसके छर्रे आसपास खड़े लोगों को लग गए.

स्थानीय लोगों ने बताया कि गोली चलने के बाद अफरा तफरी मच गई. आनन फानन में घायलों को निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक चिकित्सा शुरू कर दी गई है. पुलिस ने घायल लोगों के बयान दर्ज करना शुरू कर दिया है और बताया है कि सभी की हालत स्थिर है. राउ थाना प्रभारी राजपाल सिंह राठौर ने बताय कि घटना में इस्तेमाल हुई बंदूक लाइसेंसी है और घटना के समय नाबालिग द्वारा उपयोग में गलती हो जाने की प्राथमिक जानकारी सामने आ रही है. पूरे मामले की विस्तृत जांच की जा रही है. पुलिस ने इस बात पर बल दिया है कि घटना दंगा या जानबूझकर फायरिंग नहीं लगती, बल्कि गोली चलने की प्राथमिक वजह आकस्मिक त्रुटि प्रतीत होती है.

पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय लोगों के बयान तलब कर लिए हैं. साथ ही घायल लोगों के मेडिकल रिकॉर्ड भी पुलिस कब्जे में ले चुकी है. फिलहाल राउ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है.

# एचएसई में भोपाल को अवार्ड से किया सम्मानित



**भोपाल, 28 जनवरी. सेफ्टी काउंसिल भोपाल द्वारा बुधवार को आयोजित सेफ्टी अवार्ड समारोह में सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना, भोपाल को वर्ष 2025 के लिए स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सेवन स्टार-प्लेटिनम श्रेणी अवार्ड से सम्मानित किया गया.**

यह पुरस्कार मुख्य कारखाना प्रबंधक प्रफुल्ल वी. कोहाड़, मुख्य सुरक्षा अधिकारी जीआर. भिण्डिया एवं सुरक्षा अधिकारी श्री योगेश के. काले को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कृष्णा गौर, कैबिनेट मंत्री, मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रदान किया गया. सेफ्टी काउंसिल द्वारा यह सम्मान कार्यस्थल पर स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर और उल्लेखनीय प्रयासों के लिए दिया जाता है. कारखाने में उच्च स्तरीय सुरक्षा मानकों, सुरक्षित कार्यप्रणाली और पर्यावरण संरक्षण के प्रभावी अनुपालन को इस पुरस्कार का मुख्य आधार बताया गया.

मुख्य कारखाना प्रबंधक प्रफुल्ल वी. कोहाड़ ने कहा कि कारखाने में सुरक्षा से संबंधित सभी मानदंड उच्च स्तर पर हैं और भविष्य में भी सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के सभी मानकों का शत- प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा.

### भोपाल-सिंगरौली एक्स. एलएचबी कोचों में चलेगी

**भोपाल.** पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल ने गाड़ी संख्या 22165/22166 भोपाल-सिंगरौली-भोपाल एक्सप्रेस को पुराने ङ्क्षष्टस्न कोचों से बदलकर एलएचबी (रुा॥क्ब) कोचों में परिवर्तित करने का निर्णय लिया है. यह बदलाव भोपाल से 31 मार्च 2026 से और सिंगरौली से 3 अप्रैल 2026 से लागू होगा. नई संरचना में यह ट्रेन 22 एलएचबी कोचों के साथ चलायी जाएगी, जिसमें 1 फर्स्ट एसी, 2 सेकंड एसी, 6 थर्ड एसी, 7 स्लीपर, 4 जनरल, 1 एसएलआरडी और 1 जनरेटर कार शामिल है.

# सरकारी डायरी में त्रुटियां होने का आरोप

विशेष संवाददाता

**भोपाल,28 जनवरी. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी ने 'मध्य प्रदेश शासन डायरी 2026' में पाई गई गंभीर तथ्यात्मक एवं प्रशासनिक त्रुटियों को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है.**

उन्होंने कहा कि यह लापरवाहियाँ शासन की कार्यप्रणाली और जवाबदेही पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती हैं. त्रिपाठी ने बताया कि कम से कम आठ महत्वपूर्ण विभागों में विभाग प्रमुख अथवा प्रमुख सचिवों के नाम दर्ज नहीं किए गए हैं. इसके अलावा कई स्थानों पर ऐसे अधिकारियों के नाम अंकित हैं, जो वर्षों पहले स्थानांतरित हो चुके हैं, सेवानिवृत्त



हो गए हैं या वर्तमान में किसी अन्य विभाग में पदस्थ हैं. अनेक प्रविष्टियों में पद, अधिकारी का नाम और संबंधित विभाग के बीच कोई तालमेल नहीं है, जिससे स्पष्ट होता है कि डायरी का संकलन बिना समुचित सत्यापन के किया गया है.

### कार्रवाई नहीं होने पर कांग्रेस आंदोलन करेगी

उन्होंने इस मामले में उच्च स्तरीय जांच, दोषियों की जवाबदेही तय करने, तत्काल सुधार जारी करने तथा भविष्य में ऐसी लापरवाही रोकने के लिए कड़ी निगरानी की मांग की, साथ ही चेतावनी दी कि कार्रवाई नहीं होने पर कांग्रेस आंदोलन करेगी.

## कैफे में लगी भीषण आग

**धार.** जिले स्थित एक कैफे में आज तड़के भीषण आग लग गई. दुकान में आग लगने के बाद लपटें बाहर तक नजर आने लगी थी. रात्रि गश्त कर रही पुलिस टीम ने सबसे पहले आग को देखा था, जिसके बाद तुरंत स्थानीय नगर पंचायत सहित कैफे मालिक को सूचना दी. थाना प्रभारी प्रवीण ठाकरे स्वयं घटना स्थल पहुंचे व फायर वाहन का पाइप पकडकर कैफे में आग बुझाने के लिए अंदर चले गए. डेढ घंटे की लंबी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया. धामनोद नगर के वार्ड क्रमांक-08 में स्थित कैफे 4 यू हाउस में भीषण आग लग गई. घटना मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात करीब 4 बजे हुई. आग लगने से कैफे का पूरा सामान जलकर खाक हो गया.

# कांग्रेस करेगी महात्मा गांधी का स्मरण

विशेष संवाददाता

**भोपाल,28 जनवरी. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बलिदान दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार प्रकोष्ठ द्वारा शहीद स्मरण सभा एवं श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया जाएगा.**

प्रकोष्ठ अध्यक्ष अजय नारायण सीतलानी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम 29 जनवरी 2026 को प्रात: 11 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन, शिवाजी नगर, भोपाल के सभागार में आयोजित होगा. इस अवसर पर प्रदेश भर से स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजन, वीरांगनाएं, गांधीवादी विचारक, सामाजिक कार्यकर्ता



एवं विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे. कार्यक्रम का उद्देश्य देश की आज़ादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धापूर्वक स्मरण करना, राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सांप्रदायिक सद्भाव के मूल्यों को सुदृढ़ करना तथा शहीद परिवारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना है. कार्यक्रम की अध्यक्षता 117 वर्षीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वामी लेखराज सिंह करेंगे, जबकि 100 वर्षीय स्वतंत्रता सेनानी पांडुरंग गणपत शिंदे विशेष अतिथि होंगे.

पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा भी समारोह में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे. इसके अतिरिक्त, 30 जनवरी 2026 को सद्भावना यात्रा का आयोजन भी किया जाएगा, जिसके माध्यम से बापू के अहिंसा, सत्य और सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाया जाएगा. कांग्रेस ने प्रदेशवासियों, सामाजिक संगठनों, बुद्धिजीवियों एवं युवाओं से कार्यक्रम में सहभागिता कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की है.

## हथियार बनाने की फैक्ट्री से दो गिरफ्तार

**शिवपुरी.** मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले के करेरा थाना क्षेत्र में ग्राम पैपरेडूं के पास से बुधवार को पुलिस ने अवैध हथियार बनाने की एक फैक्ट्री पकड़ी है. पुलिस ने फैक्ट्री में बनाए गए हथियार एवं सामग्री जप्त करके दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ ने आज दोपहर बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर करेरा पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की गई है. फैक्ट्री से 7 अवैध देशी रिवाल्वर एवं छोटी बंदूक पांच जिंदा कारतूस तथा कारतूसों के खोल एवं भट्टी आदि अन्य सामग्री बरामद की गई. दो आरोपियों सुखदेव रावत एवं झांसी निवासी परशुराम झा को गिरफ्तार किया गया है.

मंथन | कांग्रेस हाईकमान की एमपी नेताओं संग बैठक

# संगठन को सशक्त बनाने के लिए कांग्रेस की विस्तृत चर्चा

विशेष संवाददाता

**भोपाल,28 जनवरी. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ बुधवार को नई दिल्ली में मध्य प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की अहम बैठक आयोजित की गई.**

बैठक में आगामी राजनीतिक रणनीति, संगठन को सशक्त बनाने और जनहित से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई. उच्चस्तरीय बैठक में मध्य प्रदेश की मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों की समीक्षा की गई तथा पार्टी को



जमीनी स्तर पर और मजबूत करने के लिए समन्वित कार्ययोजना तैयार करने पर विचार किया गया. चर्चा का मुख्य फोकस कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भरने, संगठनात्मक दक्षता बढ़ाने और किसानों, युवाओं, महिलाओं तथा वंचित वर्गों से जुड़े मुद्दों पर कांग्रेस की जनसंपर्क गतिविधियों को और धारदार बनाने पर रहा.

बैठक में कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल और प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने संगठनात्मक पुनर्गठन और जिला स्तर पर समन्वय को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए. पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने राजनीतिक सक्रियता और जनता से निरंतर संवाद बनाए रखने पर अपने विचार साझा किए. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी ने राज्य में चल रही संगठनात्मक पहलों की जानकारी दी.

मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने विधायी प्राथमिकताओं और राज्य सरकार को जवाबदेह बनाने की पार्टी की रणनीति पर प्रकाश डाला.

बैठक में कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य कमलेश्वर पटेल भी मौजूद रहे. पार्टी सूत्रों के अनुसार, नेतृत्व ने एकजुटता, अनुशासित संगठन और जनता से सतत संवाद को मध्य प्रदेश में कांग्रेस की रणनीति के प्रमुख स्तंभ बताते हुए आने वाले महीनों में राजनीतिक गतिविधियों को तेज करने के संकेत

# बंदूक दुकान ब्लास्ट में मालिक की मौत

## इलाज के दौरान आया अटैक, तीन का उपचार जारी

**रतलाम ,28 जनवरी. नगर के चांदनी चौक क्षेत्र स्थित लक्कड़ पिता रोड पर बंदूक की दुकान में हुए धमाके में 4 घायलों में दुकान मालिक की इलाज के दौरान बुधवार को इलाज के दौरान मौत हो गई.**

गंभीर घायलों को जिला चिकित्सालय से मेडिकल कॉलेज के बाद इंदौर रेफर किया था. वही तीन गंभीर घायलों का इलाज जारी है. ज्ञात हो कि 26 जनवरी को दोपहर करीब चार बजे नगर के अतिव्यस्त क्षेत्र चांदनी चौक में एक बंदूक की दुकान में वेल्डिंग के दौरान चिंगारी उड़ने से ब्लास्ट हो गया था. ब्लास्ट के दौरान दुकान के अंदर मौजूद दुकान मालिक यूसुफ अली (58) के अलावा नाजिम (32), शेख रफीकुद्दीन (35) तथा ग्राहक संदीप पिता शंकर पाटीदार (35) चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे. धमाका इतना भयानक था कि आसपास के लोगो में हड़कंप मच गया था. क्षेत्रवासियों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद तुरंत इंदौर रेफर कर दिया था. बुधवार को इंदौर में उपचार के दौरान दुकान मालिक यूसुफ अली को हार्ट अटैक आने से उसकी मौत हो गई. तीन गंभीर घायलों का इलाज जारी है.



गंभीर घायलों को इंदौर किया रैफर

वेल्डिंग के दौरान चिंगारी से हुआ था ब्लास्ट